ग्राइसोटेप, सिमुलेटर, डीप एक्सरे, सुफर-फिशियल एक्सरे, ग्रादि में 6 वर्ष से जंग लग रहा है ;

(ख) यदि इन मशीनों में से एक मशीन कम मंगाई गई हो तो ग्रौर शेष मशीनों के सभी यंत्र मंगवा लिये गये होते तो क्या कैंसर केन्द्र के लिये उपयोगी होता ग्रौर ग्रनेक रोगियों को लाभ हुग्रा होता ; ग्रौर

(ग) यदि हां, तो इन नौ मशीनों का मूल्य क्या है ग्रौर बेकार पड़ी मशीनों के शेष पुर्जे कब तक खरीद लिये जायेंगे ग्रौर उनकी मरम्मत करा ली जायेगी ग्रौर यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य ग्रौर परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) से (ग). ग्रपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है ग्रौर सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

कैंसर ग्रस्पताल, पटना में रेडियम द्वारा चिकित्सा

5268. **श्री युवराज** : क्या **स्वास्थ्य ग्रौर परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कैंसर ग्रस्पताल, पटना में कैंसर रोगियों की केवल रेडियम से चिकित्सा की जाती है ;

(ख) क्या पटना कैंसर चिकित्सा केन्द्र के रेडियम इंस्टीट्यूट में यह चिकित्सा पहले से ही हो रही है परन्तु सर्वांगीण चिकित्सा नहीं होती ; ग्रौर

(ग) सर्वांगीण चिकित्सा के लिये कब तक व्यवस्था कर दी जायेगी ग्रौर यदि इसकी व्यवस्था नहीं की जायेगी तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य ग्रौर परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) से (ग). ग्रपेक्षित सूचना राज्य सरकार से एकत्रित की जा रही है ग्रौर सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

फरक्का बांध के बारे में भारत-बंगला समझौता

5269. **श्री युवराज** :
श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :
श्री चित्त बसु :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फरक्का बांध के बारे में भारत ग्रौर बंगला देश के बीच समझौता हुग्रा है ; ग्रौर

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : (क) ढाका में 15 से 18 ग्रप्रैल, 1977 तक मंत्रीस्तर पर जो बातचीत हुई थी उसकी समाप्ति पर इस संबंध में दोनों सरकारों के बीच एक संभव समझौते के तत्वों पर सहमति हो गयी थी ।

(ख) दोनों देशों के बीच ग्रधिकारी स्तर की बातचीत में समझौते के ब्यौरे पर विचार विमर्श चल रहा है । ग्रधिकारियों के स्तर पर इस बातचीत का पहला दौर नई दिल्ली में 7 से 11 मई, 1977 तक हुग्रा था ग्रौर दूसरा दौर 28 जुलाई, 1977 से ढाका में शुरू होना है ।

Anti-Social activities of Bohra Priest in Tanzania

5270. DR. VASANT KUMAR PANDIT: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state: